हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023

11 कला उत्सव में ज्योति व लोक नृत्य में रितु प्रथम



12 कनीना के अस्पताल में होंगे डिजिटल एक्स-रे



## खबर संक्षेप

### धनौंदा में तीन दिवसीय सामवेद यज्ञ 24 से

**कनीना।** धनौंदा में 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक तीन दिवसीय सामवेद यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। संयोजक कैलाश गोयल ने बताया कि उनकी ओर से वेद मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया जाता है। स्वामी दयानंद के

### दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल किए चोरी

**महेंद्रगढ़।** सतनाली के लोहारू चौक पर चोर मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल फोन चोरी करके ले गए है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। दुकानदार शायर सिंह ने सतनाली पुलिस थाने में शिकायत दी।

### नए कलेक्टर रेट पर 25 तक दावे और आपत्तियां

**नारनौल।** वर्ष 2024 के लिए जमीन के नए कलेक्टर रेट निर्धारित किए जा रहे हैं। जिले का कोई भी नागरिक 25 दिसंबर तक इस संबंध में अपनी आपत्ति या सुझाव डीसी कार्यालय में दे सकता है। डीसी मोनिका गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2024 के लिए प्रस्तावित कलेक्टर रेट जिला महेन्द्रगढ़ की वेबसाइट वेबसाइट-एचएएलआरआईएस-जमाबंदी डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपलोड हैं। वेबसाइट पर लॉगिन करके कोई भी नागरिक इसे देख सकता है।

### मारपीट करने व धमकी देने के दो आरोपित काबू

**महेंद्रगढ़।** मामले में गवाही देने से रोकने के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सीआईए ने दो आरोपितों बबलू उर्फ बब्बू वासी खायरा और वासु उर्फ पोंटिंग वासी खायरा को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया। अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपित नसीबपुर नारनौल जेल में बंद थे। मोहित वासी मौहल्ला जवाहर नगर ने थाना शहर में दी शिकायत में बताया कि दो सितंबर को रात वह अपने दोस्तों के साथ डीजे की दुकान पर बैठा था। दो बाइक व एक गाड़ी में आए तथा मारपीट कर उसे धमकी दी।

# नारनौल और महेंद्रगढ़ में वर्षों से रेड लाइट खराब, निकाय अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

## रेड लाइट खराब होने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, व्यवस्था बनाने को दिनभर झूजते हैं पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल/महेंद्रगढ़

नारनौल व महेंद्रगढ़ दो ऐसे जिला में शहर है, जहां रेड लाइट बरसों से ठीक होने का इंतजार कर रही है। दोनों ही जगह नगर निकाय ने यह रेडलाइट लगाने की व्यवस्था की। यह लाइट खराब होने की वजह से वाहनों के आवागमन में चोराहे पर चालकों को तो परेशानी हो ही रही है, ट्रेफिक पुलिस भी दिनभर परेशान रहती है। ऐसा भी नहीं है कि नगर निकाय के प्रधान या अधिकारी इस बात से वाकिफ नहीं है फिर भी इस समस्या को दरकिनार किया जा रहा है।


पहले नारनौल शहर की बात करें तो महावीर चौक व हीरो होण्डा तिराहे पर रेडलाइट की व्यवस्था एक दशक से पहले की थी। जब रेड लाइट लगी तो चालक की चालान का डर समझकर वाहनों को रोकते थे। इससे वाहनों का आवागमन सुगम था। हादसे होने की संभावना भी कम थी। ट्रेफिक पुलिस कर्मी को भी राहत की सांस मिल रही थी। नगर परिषद के पिछले कार्यकाल चेयरपर्सन भारती सैनी ने एक बार जरूर प्रयास किया था और इसे ठीक करवाया गया था। लेकिन कुछ दिन के बाद फिर रेडलाइट बंद हो गई। अब उसके बाद नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी को बने हुए करीब डेढ़ साल बीत चुका है। अभी तक रेड लाइट बंद ही पड़ी है। दोपहर के समय जब स्कूलों की छुट्टी होती है तो बसों का आवागमन बढ़ जाता है, उस समय जाम की स्थिति बन जाती है। अगर रेड लाइट ठीक स्थिति में हो तो वाहन आवागमन में आसानी होगी।

### डेढ़ दशक पूर्व लगी थी रेड लाइट

नगर पालिका ने महेंद्रगढ़ शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए करीब डेढ़ दशक पूर्व राव तुलाराम चौक व माजरा चुंगी पर ट्रैफिक लाईटें लगाई गई थी। ये लाइटें कुछ ही समय चल पाई। बाद में रखरखाव के अभाव में ये जल्दी ही खराब हो गई। जिस समय ये लाइट ठीक थी, उस समय ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन अच्छे से हो रहा था। वहीं शहर में ट्रैफिक भी कम ही था। मगर जैसे-जैसे शहर विकसित हुआ, वैसे-वैसे शहर में वाहनों की संख्या भी बढ़ने लगी। वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण अब शहर में तीन अन्य जगह सतनाली चौक, ब्रह्मदेव चौक व मसानी चौक के पास भी ट्रैफिक लाइट लगाने की जरूरत पड़ गई है।

जबकि राव तुलाराम चौक व माजरा चुंगी के पास लगी वषार्े पुरानी लाईटों पर खराब ज्यादा हो जाने के कारण इनको सुधारने की आवश्यकता है ताकि शहर में प्रवेश करने वाले ट्रैफिक को नियत्रिंत किया जा सकें। वैसे इन दिनों शहर में माता मसानी चौक, कैंची मोड, सतनाली चौक, बालाजी चौक, राव तुलाराम चौक, माजरा चुंगी सहित अनेक चौराहे पर ट्रैफिक लाइट की आवश्यकता है। अगर इन चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लग जाती है तो शहर के लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकेंगी।





नारनौल। महावीर चौक पर खराब पड़ी रेडलाइट व राव तुलाराम चौक पर खराब पड़ी रेड लाइट। फोटो: हरिभूमि।

### अन्य जगह भी रेडलाइट की रखेंगे मांग

जिला यातायात पुलिस प्रभारी सत्यनारायण ने हरिभूमि को बताया कि हमने पहले भी नगर निकाय को रेडलाइट ठीक करवाने के लिए पत्र लिखे है। दस दिन पहले उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला सेफ्टी कमेटी की बैठक में भी इस मुद्दे को रखा था, तब उपायुक्त मैडम ने भी नगर निकाय से आए अधिकारियों को रेडलाइट ठीक करवाने को कहा था। आज भी पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में बैठक में यह मुद्दा उठा है। डीएसपी साहब ने इन खराब लाइटों को ठीक करवाने के साथ-साथ सिंघाना रोड, महेंद्रगढ़ रोड पर लहरोदा, 152डी, रेवाड़ी रोड, नांगल चौधरी रोड पर जो पुल और सड़क क्रॉस हो रही है, इन सभी जगह रेड लाइट लगाई जाए, ऐसी मांग की है। इन मांगों को लेकर नगर निकाय को पत्र लिखा जाएगा।

## नई अधिसूचना के विरोध में उतरे सब्जी मंडी के आढ़ती

# बंद रही शहर की छोटी-बड़ी मंडियां

### रेहड़ी-फड़ी वाले भी हुए शामिल, शहर में नहीं आई सब्जियां व फल, अधिसूचना वापस न लेने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल







नारनौल। हड़ताल पर बैठे सब्जी मंडी आढ़ती, हड़ताल के चलते बंद सब्जी मंडी की दुकानें व बंद के दौरान सब्जी मंडी में मौजूद पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड पंचकूला की ओर से जारी की गई अधिसूचना के विरोध में बुधवार को जिले की सभी सब्जी मंडी बंद रही। इसके अलावा रेहड़ी वाले भी हड़ताल में शामिल रहे। जिसके चलते लोगों को फल व सब्जियां नहीं मिल पाई। जिससे लोगों के साथ रोजाना मंडी में सब्जी बेचने आने वाले किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के चलते शहर की नांगल चौधरी रोड स्थित नई मंडी, आजाद चौक स्थित सब्जी मंडी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास स्थित मिनी सब्जी मंडी बंद रही। इसके अलावा शहर में सड़क किनारे लगने वाली सब्जी की रेहड़ियां में नजर नहीं आई।

मार्केटिंग बोर्ड पंचकूला ने गई अधिसूचना जारी की थी, जो एक दिसंबर से लागू हो चुकी है। जिसके अनुसार सब्जी एवं फल विक्रेताओं को सालाना फीस एकमुश्त एडवांस में जमा करवानी होगी। इसके लिए मार्केटिंग बोर्ड ने इसके अलग-अलग स्लैब बनाकर फीस का निधारित कर दी है। जिसके अनुसार अब आढ़तियों को इसी स्लैब से मार्केट फीस चुनकर स्वैच्छिक घोषणा करनी होगी।

जिसके विरोध में बुधवार को जिले की सभी सब्जी मंडियों बंद रही। वहीं नांगल चौधरी रोड स्थित नई मंडी के बाहर गेट के सामने ने नई अधिसूचना के विरोध में आढ़ती हड़ताल पर बैठे रहे। इस अवसर सब्जी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान अजीत सिंह ने कहा कि सरकार के इस नये कानून से सब्जी व फलों के छोटे-बड़े सभी व्यापारी प्रभावित होंगे, जिसमें आढ़ती से लेकर रेहड़ी फड़ी वाले शामिल है। इस मौके पर सब्जी मंडी यूनियन प्रधान अजीत सिंह, उप प्रधान रोशनलाल, सचिव शिवराज, कोषाध्यक्ष भगत सिंह सैनी, पप्पू आढ़ती सहित काफी संख्या में सब्जी-फल विक्रेता मौजूद थे।

### जितना बिकेगा माल उतनी जमा होगी फीस

नई सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भगत सिंह सैनी ने कहा कि नई अधिसूचना से पहले आढ़ती माल बेचते थे, उसके हिसाब से मार्केट फीस जमा करवाते थे, लेकिन अब नई अधिसूचना के अनुसार सरकार की ओर से एडवांस में मार्केट कमेटी फीस मांगी गई है। उन्होंने कहा कि यह फीस आढ़तियों के माल बेचने के आधार पर बनती है, जितना आढ़ती माल बेचता है, उसके आधार पर फीस जमा करवाता है। ऐसे में बिना माल बेचे आढ़ती एडवांस में मार्केट कमेटी फीस कैसे जमा करवाएगा।

### एडवांस नहीं देंगे, चाहे आंदोलन करना पड़े

सब्जी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान अजीत सिंह ने कहा कि नई अधिसूचना के अनुसार लाइसेंसी आढ़तियों को अब एकमुश्त एडवांस में फीस जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि नई अधिसूचना के अनुसार अब जो मार्केट फीस एकमुश्त सालाना ली जाएगी। वहीं वर्ष 2025 के बाद उसमें हर साल 10 प्रतिशत की बढ़ौतरी भी की जाएगी। नई अधिसूचना में मंडी के अंदर के आढ़ती व बाहर के आढ़ती का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत अंदर वाले आढ़ती से साल के 70 हजार रुपये लाइसेंस के लिए जाएंगे, जबकि बाहर वालों को केवल 7300 रुपये में लाइसेंस दिया जाएगा। ऐसा करके सरकार भेदभाव कर रही है, क्योंकि अंदर के व्यापारियों ने दो-तीन करोड़ रुपये में दुकानें खरीदी हुई है। उन्होंने कहा कि आढ़ती एक की बजाए दो प्रतिशत मार्केट फीस देने को तैयार हैं, लेकिन एकमुश्त एडवांस पैसा जमा नहीं करवाएंगे, चाहे इसके लिए उन्हें आंदोलन ही क्यों ना करना पड़े।

### हड़ताल के समर्थन में बंद रही सब्जी-फल की दुकानें

**कनीना।** शहर में सब्जी व फलों की सभी दुकान पूर्ण रूप से बंद रही। सब्जी व फल दुकान यूनियन कनीना के प्रधान लाला गोपीराम ने बताया कि सरकार ने एक मुश्त मार्केट फीस बढ़ाकर छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से पिछड़ने का कार्य किया है। एक वर्ष एडवांस फीस भरवाने के लिए सभी दुकानदारों को बाध्य कर दिया है। जबकि पूर्व में यह फीस दो प्रतिशत मात्रा होती थी, जो गत वषोंर् से बंद थी। सरकार ने उसे माफ कर दिया था। इस मौके पर विकास शर्मा, गुड्डु चौधरी मौजूद रहे।



### महेंद्रगढ़ में भी मंडी बंद कर हड़ताल में हुए शामिल आढ़ती

- मंडी बंद होने से आमजन को झेलनी पड़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

टैक्स कार्यप्रणाली से खफा होकर बुधवार को सब्जी मंडी आढ़ती मंडी बंद कर हड़ताल पर रहे। वहीं दूसरी ओर सब्जी मंडी बंद होने के कारण आमजन को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ा। जहां लोग प्रतिदिन ताजी सब्जियों का इंतजार करते थे, वह एक दिन पुरानी सब्जियों से संतोष रहना पड़ा। दिनभर सब्जी खरीदने वाले इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। लोग गली-मौहल्लों में किरयाणा की दुकानों से महंगे दामों पर सब्जी खरीदते हुए नजर आए। प्रधान सुरत सिंह ने बताया कि टैक्स के विरोध में सभी आढ़ती बुधवार को हड़ताल पर रहे। यदि इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह हड़ताल एक आंदोलन का रूप ले सकती है। 2014 से 2020 तक कोई मार्केट फीस नहीं थी। वर्ष 2020 के कोविड काल में आढ़तियों से एक फीसदी मार्केट फीस व एक फीसदी ग्रामीण विकास निधि के लिए लेना तय किया था। एक अक्टूबर से मार्केट फीस में 40 प्रतिशत बढ़ोतरी कर दी है।

### खेत में काम करते समय किसान की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव खेड़ा निवासी एक किसान की खेत में काम करते समय मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक किसान के पुत्र महेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि बुधवार की सुबह समय करीब तीन बजे वह व उसके पिता लीलाराम खेत में पानी की लाइन बदल रहे थे। समय करीब साढ़े तीन बजे पिता लीलाराम का जी घबराने लगा और वह अचानक बैठ गया। सूचना मिलने के बाद परिजन गाड़ी लेकर आ गए और पिता को गाड़ी में बैठकर सामान्य अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सक जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## मंजू कौशिक जयपुर में राष्ट्रीय नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित



**महेंद्रगढ़।** लिंगानुपात के अंतर को समाप्त करने व नारी शक्ति को राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल करने का निरंतर प्रयास करने वाली मंजू कौशिक को जयपुर में राष्ट्रीय नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रवासी हरियाणवी मंच द्वारा वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ललित मेहरा व एमपी गुप्ता ने प्रदान किया। नपा उपप्रधान महेंद्रगढ़ के अलावा अन्य जिलों में 16 वर्ष से कन्या जन्म पर कुआं पूजन करने वाले दंपत्ति को घर जाकर सम्मानित कर रहीं हैं। इसके अलावा मंजू कौशिक ने ग्रामीण आंचल की महिलाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाने के लिए लगभग 500 महिलाओं को निःशुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण से मुख्यधारा में शामिल किया। उन्हें राष्ट्रीय युवा सम्मान, नारी शक्ति सम्मान, गॉडफ्रे फिलिट्स ब्रेवरी सम्मान, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान, राज्य महिला सम्मान, राष्ट्रीय समरसता सम्मान, जापान में राष्ट्रीय सामुदायिक सम्मान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय सम्मान सम्मान मिल चुके हैं।

## गांव में मिला तीन दिन से लापता व्यक्ति का शव

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



शहरी क्षेत्र के गांव मांदी में तीन दिन पहले एक व्यक्ति रात को घर से निकला था।



वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने दो दिन तलाश की। हार थककर मंगलवार को पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कर ली। अब तीसरे दिन बुधवार शाम को उसी लापता व्यक्ति का शव गांव में ही एक प्लाट की चारदीवारी के पीछे खेत में मिला है। गांव की महिला ने जब शव को देखा तो ग्रामीणों को सूचित किया। मौके पर सदर थाना के एसएचओ रविंद्र कुमार टीम को लेकर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। शाम होने की वजह से मृतक के शव का पोस्टमार्टम वीरवार को होगा। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर पहले गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज की थी। अब संदिग्ध अवस्था में शव मिलने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शिकायत की है। इस शिकायत पर सदर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### 17 की रात को घर से निकला था

गांव मांदी वासी बड़े भाई सत्यवीर ने सदर पुलिस थाना में 19 दिसंबर को शिकायत दी। जिसमें बताया कि उसका छोटा भाई समुन्द्र सिंह 17 दिसंबर की रात करीब नौ बजे खाना खाने के बाद शौच करने घर से गया था व वापिस नहीं लौटा।

## छापड़ा सलीमपुर के उमेश अग्रवाल बने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के ओएसडी



**नारनौल।** नारनौल शहर के पास गांव छापड़ा सलीमपुर के लाला हरद्वारी लाल के प्रपौत्र उमेश अग्रवाल को छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ओएसडी नियुक्त कियाहै। उन्हें ओएसडी बनाए जाने पर परिवार व इलाके में खुशी का माहौल है। उमेश के चचेरे भाई हेमंत गोयल ने बताया कि उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा रायपुर से ली। उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली आ गए। दिल्ली यूनिवर्सिटी में एलएलबी कर हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में वकील रहे। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में मंत्री विष्णु देव साय के निजी सचिव के रूप में काम किया एवं दूसरे कार्यकाल में रेणुका सरौता के निजी सचिव रह चुके हैं। उनके पिता स्वर्गीय चंद्रभान अग्रवाल भी अपने समय के भाजपा नेता रहे व छत्तीसगढ़ में भाजपा को बढ़ाने के लिए अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। उनके ओएसडी बनने पर परिवार के हनुमान प्रसाद, विजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुरेंद्र गोयल, दुर्गादत्त गोयल, राकेश बंसल, नीरज मित्तल, हेमंत गोयल, पंकज, नवीन, हिमांशु, धीरज खुशी जाहिर की।

### गल्ले से नकदी चुराने के मामले में आरोपित गिरफ्तार, नकदी बरामद

**महेंद्रगढ़।** इंनवेटर-बैटरी हाउस के गल्ले से नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर



पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में आरोपित विवेक वासी सेक्टर-छह झज्जर को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ में तीन हजार रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपित को बुधवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता सतीश कुमार वासी ढोला ढाणी ने थाना शहर में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी दुकान राव इनवेटर-बैटरी हाउस राव तुलाराम चौक पर है। वह सुबह साफ-सफाई करके मंदिर मे पानी लेने गया था, जब पानी लेकर वापस आया, दुकान का गल्ला चैक करने पर उसमें से नकदी गायब पाई गई। कैमरे चैक करने पर पाया कि एक अनजान लड़का दुकान में घुसता और निकलता देखा गया है। शिकायतकर्ता ने उस लड़के पर शक जाहिर करते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और नकदी बरामद की है।

## जिले में बर्फिली हवाओं से लुढ़का पारा, ठंड का होने लगा अहसास

# न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



हिमालय से आ रही बर्फिली उत्तरी हवाएं हरियाणा एनसीआर दिल्ली विशेषकर जिला महेंद्रगढ़ पर अपने तीखे तेवरों से आगाज किए हुए हैं। जिसके चलते महेंद्रगढ़ जिले में मंगलवार को रात्रि तापमान शिमला से भी कम दर्ज किया गया। जिससे सम्पूर्ण इलाके में रात्रि तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। जिसने आमजन ठंड ने ठिठुरने को मजबूर कर दिया। बता दें कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से लगातार उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी हो रही है, जैसे यह मौसम प्रणाली आगे निकल जाती है, वैसे ही उत्तरी बर्फिली हवाएं सम्पूर्ण मैदानी राज्यों में अपने रंग दिखाने लगती है। जिसके चलते प्रदेश के सभी 22 जिलों में रात्रि तापमान एकल संख्या में पहुंचा गया है।

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि बुधवार को जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान लुढ़क कर क्रमशः 5.0 डिग्री सेल्सियस व 4.2 डिग्री सेल्सियस, पाली का रात्रि तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो इस सीजन में हरियाणा एनसीआर दिल्ली का सबसे कम रात्रि तापमान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आज महेंद्रगढ़ में सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ठंडी रात दर्ज हुई है। यहां का रात्रि तापमान शिमला के रात्रि तापमान से कम दर्ज किया गया। डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि राजस्थान से सट्टे हरियाणा के पश्चिमी जिलों विशेषकर सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी जिले में भौगोलिक स्थिति की वजह से मौसम की चरम स्थितियों चाहें ठंड या गर्मी से आमजन को रूबरू होना पड़ता है। हालांकि दिन में मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिला महेंद्रगढ़ में सूर्य की चमकदार धूप खिली रहने से दिन के तापमान सामान्य के आसपास बने हुए हैं। हालांकि दिन के समय भी पिछले दो-तीन दिनों से ठंडी हवाएं चलने व आंशिक बादलवाही से दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि हिमालय की बर्फिली हवाएं सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अगले दो-तीन दिनों के दौरान रात्रि तापमान में और गिरावट दर्ज होगी तथा ठंड अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज करेगी, लेकिन 23 दिसंबर को एक बार फिर से तापमान में उछाल देखने को मिलेगा, क्योंकि आने वाले दिनों में दिसंबर महीने लगातार 22 दिसंबर व 27 दिसंबर के दौरान दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिला महेंद्रगढ़ में मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। इसके अलावा 22-23 दिसंबर के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सीमित स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। वही सम्पूर्ण इलाके में आंशिक बादलवाही व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।



### खुशी के मौके पर किन्नरों के लिए बधाई की राशि निर्धारित


**नारनौल।** प्रायः देखने में आता है की शादी विवाह, नवजात शिशु जन्मोत्सव जैसे खुशी के अवसर पर किन्नर समुदाय द्वारा बधाई के नाम पर मोटी बधाई राशि प्राप्त करने के लिए मनमानी की जाती है व राशि प्राप्त करने के लिए अभद्रता की जाती है। बधाई राशि हासिल करने के लिए की जाने वाली मनमानी से समाज का हर वर्ग परेशान है। ऐसे में समाज का हर वर्ग चाहता है कि किन्नर समुदाय की इस मनमानी पर रोक लगाई जाए। श्री नामदेव समाज समिति ने पांच अक्टूबर 2023 को एक बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि (रोहिल्ला नामदेव टांक क्षत्रिय समाज के) खुशी के अवसर पर किन्नर समुदाय के लोगों को 1100 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इससे अधिक राशि की मांग करके मनमानी करने या अभद्रता करने पर किन्नर के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही के लिए प्रशासन को शिकायत की जा सकती है।



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एलर्जी की वजह से भी सर्दी में आती हैं छींकें



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी के मौसम में रोज सुबह छींकें आती हैं, कुछ देर बाद खुद ही बंद हो जाती हैं। ऐसा क्यों होता है, राहत के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**राम आसरे, अंबिकापुर**

इस मौसम में काफी लोगों को इस तरह की समस्या होती है। ऐसा एलर्जी से होता है। इसमें जैसे ही व्यक्ति रजाई या कमरे से बाहर निकलकर खुले में आता है, छींकें आने लगती हैं। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि आप कमरे से बाहर निकलने से पहले कैप लगा लें और पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं कमर दर्द से परेशान रहता हूं। अकसर पेन किलर खाता हूं। इससे पेट भी खराब हो जाता है। कृपया बताएं मैं क्या करूं?**

**-करमेंद्र, जींद**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका कमर दर्द हो रहा है, इसके लिए आपको विटामिन डी की जांच करानी चाहिए, क्योंकि मौजूदा समय काफी संख्या में लोगों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। लोग धूप में कम बैठते हैं, इस वजह से ऐसी समस्या आ रही है। इसके साथ ही आप नियमित रूप में सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। एक बार आप फिजियोथैरेपिस्ट से भी संपर्क करें। वे आपको कुछ एक्सरसाइज बताएंगे। इसके साथ ही कैल्शियम की जरूरी मात्रा लेने के लिए नियमित दूध का सेवन करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी। कोशिश करें कि पेन किलर कम से कम खाएं।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं दिन में दो बार भरपेट खाता हूं, फिर भी कुछ घंटे बाद ही भूख महसूस होती है। मेरा वेट भी ज्यादा नहीं है। कृपया इसका समाधान बताएं।**

**आकाश, भिलाई**

आपकी समस्या पढ़कर लगता है आपको सबसे पहले शुगर की जांच करानी चाहिए, क्योंकि शुगर लेवल अधिक होने पर भूख बार-बार लगती है और वजन नहीं बढ़ता है। इसलिए आप एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं। उसके बाद ही उपचार शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जाड़े में गर्म पानी से नहाता हूं। लेकिन नहाने के बाद स्किन ड्राय हो जाती है। इचिंग भी होती है। ऐसा ना हो, इसका कोई उपाय बताएं।**

**-हेमंत, भोपाल**

सबसे पहले आप कोशिश करें कि अधिक गर्म पानी से ना नहाएं, यानी बहुत ठंडे या गर्म के बजाय पानी को नॉर्मल कर लें और उससे नहाएं। साथ ही बाथरूम में नारियल का तेल रखें, नहाने के तुरंत बाद जब त्वचा गीली हो, तभी नारियल का तेल त्वचा पर लगा लें। इस तरह आपको ड्रायनेस और खुजली से राहत मिलेगी।

**मैं 50 वर्ष का हूं। हार्ट पेशेंट हूं। दवा तो लेता हूं, लेकिन इसके साथ हार्ट को हेल्दी रखने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करने चाहिए?**

**अमरीश, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप हार्ट के पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक तला-भुना खाना कम कर देना चाहिए या नहीं खाना चाहिए। साथ में आप सुबह-शाम आधे-आधे घंटे की सैर करें। खाने में सलाद जरूर शामिल करें। रात में समय से सोना चाहिए और सुबह जल्दी उठें। खाने में नमक कम खाएं।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मैं कितने भी कपड़े पहन लूं, मुझे सर्दी बहुत महसूस होती है। सामान्य काम करने में परेशानी होती है। क्या डाइट में कुछ बदलाव से राहत मिल सकती है, कृपया बताएं।**

**-श्रीप्रकाश, कोरबा**

हर आदमी का बॉडी स्ट्रक्चर अलग-अलग होता है। कुछ लोगों को अधिक सर्दी लगती है, कुछ लोगों को सर्दी कम महसूस होती है। इससे बचने के लिए आप कपड़े अधिक पहनें, साथ ही ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें और रात में हल्दी मिलाकर दूध पिएं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

ब्लड में शुगर लेवल का बढ़ना यानी डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जिसमें लापरवाही बरतने से कुछ अन्य गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इनसे बचाव के लिए डायबिटीज पेशेंट्स को अपना शुगर लेवल मेंटेन करने के साथ किसी भी तरह की शारीरिक असामान्यता पर नजर रखनी चाहिए। इस बारे में आपके लिए बहुत ही यूजफुल इंफॉर्मेशंस हम दे रहे हैं।

## डायबिटीज की वजह से बढ़ती है कई बीमारियों की आशंका

डॉक्टर एडवाइस

डॉ. धीरज कपूर
सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, ऑर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी खान-पान की गलत आदतों और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण देश की आबादी का बड़ा हिस्सा डायबिटीज यानी मधुमेह का शिकार हो रहा है। इससे जुड़ी चिंताजनक बात यह है कि डायबिटीज के मरीजों में कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

### हार्ट डिजीज

किसी इंसान को पहले से डायबिटीज हो तो उसे हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है। खून में शुगर लेवल बढ़ने के कारण धीरे-धीरे हृदय की ब्लड वेसेल्स सिकुड़ने लगती हैं। फिर रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंचाने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। नतीजा, ब्लडप्रेशर बढ़ जाता है और हृदय पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ने लगता है, जो कई बार हार्ट अटैक का कारण बन जाता है।

**बचाव-उपचार:** इस समस्या से बचाव के लिए संतुलित खान-पान और नियमित व्यायाम से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। घी, तेल, चीनी, मैदा, एल्कोहाल, सिगरेट और डिब्बा बंद जंक फूड्स से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि उनमें मौजूद प्रिजर्वेटिव्स सेहत के लिए बहुत नुकसानदेह होते हैं। जब डायबिटीज के कारण दिल की बीमारियों की आशंका बढ़ने लगती है तो कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने और खून को पतला करने वाली दवाएं दी जाती हैं, ताकि रक्तप्रवाह में कोई रुकावट ना हो।

### डायबिटिक रेटिनोपैथी

जब शुगर लेवल बहुत ज्यादा बढ़ जाए तो इसकी वजह से आंखों की दृष्टि भी प्रभावित होती है। ऐसी स्थिति में आंखों की रेटिना को पोषण प्रदान करने वाली अतिसूक्ष्म रक्त वाहिकाएं नष्ट होने लगती हैं, जिससे आंखों की दृष्टि धुंधली पड़ने लगती है।

**बचाव-उपचार:** इस समस्या से बचाव के लिए आंखों में कोई तकलीफ ना हो तो भी डायबिटीज पेशेंट्स साल में एक बार आई चेकअप जरूर करवाएं। जांच के दौरान अपने आई स्पेशलिस्ट को डायबिटीज के बारे में जरूर बताएं, ताकि सही समय पर समस्या की पहचान करके इसका उपचार शुरू किया जा सके।





### डायबिटिक नेफ्रोपैथी

जब शुगर लेवल के साथ ब्लडप्रेशर भी बढ़ जाता है, तो ऐसी स्थित में किडनी की अति सूक्ष्म रक्तवाहिकाओं को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता घटने लगती है। जब किडनी ब्लड को अच्छी तरह फिल्टर नहीं कर पाती तो ऐसी स्थिति में यूरिन से अधिक मात्रा में प्रोटीन डिस्चार्ज होने लगता है, जिससे शरीर में इस पोषक तत्व की कमी हो जाती है। परिणामस्वरूप वाटर रिटेंशन यानी शरीर में पानी जमा होने और सूजन की समस्या परेशान करने लगती है।

**बचाव-उपचार:** इससे बचाव के लिए चीनी और नमक का सेवन अत्यंत सीमित मात्रा में करना चाहिए। उपचार के दौरान वाटर रिटेंशन दूर करने वाली दवाएं दी जाती हैं। जब तक यूरिन से प्रोटीन का डिस्चार्ज होता है, तब तक दवाओं की मदद से किडनी को नुकसान से बचाया जा सकता है, लेकिन जब ब्लड में यूरिया और क्रिएटिनिन की मात्रा बढ़ने लगती है, तो यह स्थिति मरीज के लिए बहुत नुकसानदेह साबित होती है। इससे बचाव के लिए डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है। अगर डायबिटीज के साथ हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हो तो बीपी को नियंत्रित करने के लिए भी नियमित रूप से दवाएं दी जाती हैं।

### डायबिटिक न्यूरोपैथी

डायबिटीज के अधिकतर मरीजों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। खासकर जिन पेशेंट का ब्लड शुगर लंबे समय तक अनियंत्रित रहता है, उनके हाथ-पैरों की नसों में दर्द, झनझनाहट और खिंचाव जैसे लक्षण नजर आते हैं। कई बार पैरों में सुइयां चुभोने या चीटिंयां रेंगने जैसा एहसास होता है।



**बचाव-उपचार:** इस समस्या से बचाव के लिए सबसे पहले संयमित खान-पान, एक्सरसाइज और वॉक के माध्यम से बढ़ते शुगर लेवल को कंट्रोल किया जाना चाहिए। ऑफिस में लंबे समय तक सीट पर बैठने का काम है तो पैरों को सपोर्ट देने के लिए अपनी सीट के नीचे छोटा-सा स्टूल रखें। रात को सोते समय पैरों के नीचे ऊंचा तकिया रखें, ताकि रक्त प्रवाह सही ढंग से हो। गुनगुने पानी से भरे टब में सेंधा नमक मिलाकर उसमें पैरों को डुबोकर रखें, इससे भी पैरों को आराम मिलेगा। उपचार के दौरान डॉक्टर नसों आराम पहुंचाने के लिए कुछ पेनकिलर्स देते हैं।

### डायबिटिक फुट

डायबिटीज होने पर पैरों में रक्त प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पाता, जिससे मामूली चोट लगने या एड़ियां फटने पर संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। अगर सही समय पर उपचार ना किया जाए तो पैरों में गैंगरीन हो सकता है।

**बचाव-उपचार:** बचाव में पैरों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। ध्यान रहे एड़ियां ना फटें, जूते के साथ हमेशा साफ मोजे पहनें। पैरों को चोट से बचाकर रखें। पैरों में चोट लगने पर या पैरों में किसी तरह का जख्म होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके इलाज करवाएं।

### हाइपोग्लाइसीमिया

किसी व्यक्ति का शुगर लेवल अचानक 70 एमजी से नीचे चला जाए तो ऐसी शारीरिक दशा को हाइपोग्लाइसीमिया कहा जाता है। आमतौर पर अधिक मात्रा में डायबिटीज की दवा लेने, इंसुलिन की डोज बढ़ाने और लंबे समय तक खाली पेट रहने के कारण ऐसी समस्या होती है। चक्कर आना, पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, दिल की धड़कन तेज होना और बेहोशी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचार:** डायबिटीज की समस्या हो तो हमेशा अपने साथ ग्लूकोमीटर रखें। अगर कोई भी असामान्य लक्षण दिखाई दे तो, तत्काल कोई मीठी चीज खाएं। ज्यादा देर तक खाली पेट ना रहें।

### डायबिटीज कीटोएसिडोसिस

जब शरीर में इंसुलिन की कमी के कारण शुगर लेवल बढ़कर 400 से 500 एमजी हो जाए, तो ऐसी शारीरिक दशा को डायबिटीज कीटोएसिडोसिस कहते हैं। गला सूखना, अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार यूरिन डिस्चार्ज होना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**बचाव-उपचार:** नियमित रूप से डायबिटीज की दवा लें। अगर इंसुलिन लेते हैं, तो नियमित इंसुलिन लेना ना भूलें। गंभीर स्थिति होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराएं।

### कमजोर इम्यून सिस्टम



डायबिटीज के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे व्यक्ति को सर्दी, जुकाम, खांसी, संक्रमण और बुखार जैसी समस्याएं अकसर परेशान करती हैं।

**बचाव-उपचार:** इस समस्या से बचाव के लिए अपने नियमित आहार में विटमिन सी युक्त खट्टे फलों जैसे- संतरा, मौसंबी, नीबू, आंवला और हरी सब्जियों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। अगर कोई भी संक्रमण हो तो डॉक्टर से दवा लें। *

**प्रस्तुति : विनीता**

अवेयरनेस

अंजू जैन

## इन दवाओं से भी बढ़ सकता है वेट



कई लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि सामान्य डाइट लेने, जंक फूड नहीं खाने और एक्टिव रहने के बावजूद भी उनका वेट क्यों बढ़ रहा है? इस बारे में यह जानना जरूरी है कि कुछ खास दवाओं का सेवन भी वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। आइए जरा जान लें इनके बारे में।

**स्टेरॉयड्स:** अस्थमा और आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में डॉक्टर जरूरत पड़ने पर ये दवाएं देते हैं। ये दवाएं भूख बढ़ाती हैं और रक्त में ग्लूकोज का स्तर भी बढ़ाती हैं। इनसे मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया बाधित होती है, वजन बढ़ता है और डायबिटीज भी हो सकता है।

**गर्भ निरोधक गोलियां:** कुछ गर्भ निरोधक गोलियों के कारण भी वजन बढ़ सकता है। इनमें मौजूद प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हार्मोन के साइड इफेक्ट से शरीर में तरल बढ़ने की समस्या होती है, जिससे महिलाओं का वजन बढ़ता है। लेकिन सारी बर्थ कंट्रोल पिल्स एक जैसी नहीं होती हैं। किसी दवा से ऐसा हो, तो चिकित्सक की सलाह से दवा बदल सकते हैं।

**डिप्रेशनरोधी दवाएं:** एंटीसाइकोटिक दवाओं में ऐसे केमिकल्स होते हैं, जो शरीर और ब्रेन को तनावमुक्त कर देते हैं। इन दवाओं के सेवन से नींद ज्यादा आती है, इसलिए मरीज का वजन बढ़ने लगता है।



**मल्टी विटामिन दवाएं:** बिना जरूरत अपनी मर्जी से विटामिन की गोलियां लंबे समय तक लेने से मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया ज्यादा एक्टिव हो जाती है। नतीजतन भूख ज्यादा लगने लगती है। ऐसे में व्यक्ति ज्यादा खाता है और मोटा हो जाता है।

**बीपी कंट्रोलर पिल्स:** हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को रोज इसे कंट्रोल करने की दवा लेनी पड़ती है। ये दवाएं कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया धीमी कर देती हैं और साथ ही वाटर रिटेंशन की समस्या भी बढ़ा देती हैं। इनकी वजह से भी मोटापा आ सकता है।

**हार्मोन सप्लीमेंट्स:** कुछ महिलाओं में हार्मोन संतुलन के लिए हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भूख बढ़ती है और वाटर रिटेंशन की भी समस्या होती है। इससे शरीर में वसा जमा होने लगती है।

इनके अलावा अपने मन से ज्यादा एंटीबायोटिक्स लेने, माइग्रेन की दवाएं खाने या डायबिटीज की कुछ दवाएं लेने से भी मोटापे की समस्या हो सकती है। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

डॉ. संजीव डांग
ईएनटी सर्जन
अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली

वैसे तो हाइजीन और प्रोटेक्शन का ध्यान ना रखने पर ईयर इंफेक्शन किसी भी मौसम में हो सकता है। लेकिन सर्दियों में इसकी आशंका बढ़ जाती है। इसके होने के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

## सर्दियों में बढ़ जाती है ईयर इंफेक्शन की आशंका

सर्दी के मौसम में होने वाली कई स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा, कान के संक्रमण यानी ईयर इंफेक्शन की आशंका भी बढ़ जाती है। इस वजह से मध्य और भीतरी कान में बैक्टीरिया या वायरस के संक्रमण के कारण सूजन आ जाती है। इन दिनों कई अस्पतालों में रोजाना कुछ मरीज कान में संक्रमण, खुजली और सूजन की समस्या लेकर आ रहे हैं। दरअसल, ठंड का मौसम बैक्टीरिया और वायरस को विकसित होने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

**संक्रमण के कारण:** कान में संक्रमण और सूजन का मुख्य कारण, ठंड में कमजोर प्रतिरक्षा को माना जा सकता है। कई बार कान में मौजूद नमी या बैक्टीरिया, कानों में होने वाले ओटिटिस मीडिया का कारण बनते हैं। यह संक्रमण गले में खराश या श्वसन संक्रमण के कारण भी हो सकता है क्योंकि इस वजह से कान की यूस्टेशियन ट्यूब ब्लॉक हो जाती है और असहनीय दर्द होता हैं। कुछ लोगों में साइनसाइटिस का इलाज ना किए जाने पर भी कानों में प्रॉब्लम पैदा हो सकती है। दरअसल, कान का संक्रमण, नाक और गले के संक्रमण से भी जुड़ा होता है। कुछ लोगों को सर्दी के मौसम के दौरान कानों में अत्यधिक सूखापन और एलर्जिक राइनाइटिस के कारण भी संक्रमण हो जाता है। इससे कान में फंगल इंफेक्शन हो सकता है, जिसे ओटोमाइकोसिस कहा जाता है। कई बार खांसी होने और सर्दी लगने पर एक्यूट ओटिटिस मीडिया (एओएम) जैसे कान संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो जाती है। अधिक ठंड भी कान में दर्द का कारण बन सकता है। दरअसल, ठंड का मौसम ईयर कैनाल्स के संवेदनशील ऊतकों में जलन पैदा करता है, इससे कान में दर्द हो सकता है। ठंड के महीनों में रक्त संचार कम होने से भी कान में संक्रमण की आशंका बढ़ सकती है।



**संक्रमण के लक्षण:** संक्रमण की वजह से कान में दर्द होना, चक्कर आना, सिरदर्द होना, असामान्य स्राव और अस्थायी सुनने में कमी आना जैसे लक्षण दिख सकते हैं। खुली जगह में ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से भी कान का दर्द गंभीर हो सकता है और इसके लिए तत्काल ट्रीटमेंट करना जरूरी है।

**उपचार के तरीके:** कान में संक्रमण के लक्षण दिखते ही डॉक्टर से कंसल्ट कर तुरंत उनके बताए ईयर ड्रॉप्स का उपयोग करना चाहिए। डॉक्टर की सलाह लेकर एंटीबायोटिक्स, एंटीहिस्टेमाइन और दर्द निवारक दवाई का सेवन करें। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवाई ना लें या किसी ओवर-द-काउंटर ईयर ड्रॉप का उपयोग ना करें।

**संक्रमण से बचाव:** संक्रमण की वजह से कान के दर्द को कम करने के लिए आइस पैक या हीटिंग पैड या नम कपड़े का उपयोग करें। नहाते समय ध्यान रखें कि कानों में पानी ना जाए। घर से बाहर जाते समय कैप, हेडबैंड या स्कार्फ पहनकर कानों को गर्म रखें। हवा से बचाने के लिए कानों में रुई का प्रयोग ना करें। ऐसा करने से कान की नलिका में सूजन आ सकती है। अपने हाथों को साबुन और पानी से धोते रहें, इससे कानों में कीटाणुओं के संक्रमण से बचाव होगा। फ्लू से बचाव के लिए वैक्सीन लगवा लें। धूम्रपान से दूर रहें, इससे श्वांस नली में जलन पैदा हो सकती है। कान में संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए ईयरमफ पहनने और सामान्य सर्दी, फ्लू और साइनसाइटिस से बचाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट कर बचाव के उपाय करें। *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म रखने में भुजंगासन को सबसे बेहतर योगासन माना जाता है। लेकिन इसका पूरा लाभ पाने के लिए इसकी सही विधि, इसे करने से पहले और करने के बाद के आसनों के बारे में, जरूर जान लें।

## सर्दी से बचाव में सहायक है भुजंगासन

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'



सर्दी के मौसम में कुछ लोगों को ज्यादा ही ठंड लगती है। वो अकसर ठिठुरते रहते हैं। इसकी वजह सिर्फ यह नहीं होती कि वे गर्म कपड़े नहीं पहनते, बल्कि इस ठंड के लगने की एक वजह उनके शरीर की प्रतिक्रिया होती है। साथ ही कमजोर प्रतिरक्षा के चलते भी कुछ लोगों को ज्यादा सर्दी लगती है। यूं तो सर्दी से बचाव के लिए कई आसन कारगर हैं, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा कारगर और सरल भुजंगासन है।

**भुजंगासन से पहले:** भुजंगासन करने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि इसे एकदम से शुरू ना करें, बल्कि इसके पहले बालासन, गरुड़ासन और मार्जरी आसन करें। इससे ना सिर्फ भुजंगासन करना आसान होगा, बल्कि इसके फायदे भी बढ़ जाते हैं।

**भुजंगासन की विधि:** योगा मैट बिछाकर उस पर पेट के बल सीधा लेट जाएं। इस तरह लेटें कि पैरों के तलवे ऊपर की ओर हों। लेटने के कुछ क्षण गुजरने के बाद अपनी बाजुओं को जमीन पर टिकाएं और धड़ को ऊपर की तरफ पूरे खिंचाव के साथ ले जाएं। इस दौरान अपनी दोनों बाजुओं को जमीन पर मजबूती से टिकाए रखें। अब हाथों पर शरीर का अधिकतम वजन डालकर छाती को जितना ऊपर की तरफ खींच सकते हैं, खींचें। लेकिन ऐसा करते हुए यह ध्यान रखना चाहिए कि आपके पेट के नीचे की त्वचा जमीन से उठनी नहीं चाहिए यानी पेट के नीचे का हिस्सा जमीन के साथ लगा रहना चाहिए और पेट के ऊपर के हिस्से को ही ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान अपने पैरों को अंगुलियों के बल टिकाकर रखें और पीठ को जितना मोड़ सकें, उतना आराम से मोड़ें। जबरदस्ती कुछ भी ना करें। ध्यान रखें इसका फायदा तभी है, जब इस दौरान आपकी बाजुएं पूरी तरह से तनी रहें और उनमें वजन महसूस हो। कम से कम पांच बार गहरी सांस पहले अंदर लें फिर बाहर छोड़ दें। यह 30 से 60 सेकेंड तक करें। अगर परेशानी महसूस हो रही हो तो 30 सेकेंड के बाद ही सामान्य मुद्रा में आ जाएं, नहीं तो एक मिनट तक तनी हुई कमान के समान मुद्रा बनाकर रखें। अनुभवी होने के बाद इसे 90 सेकेंड से ज्यादा ना करें।

**भुजंगासन के बाद:** जिस तरह सीधे भुजंगासन करने से पहले कुछ दूसरे योगासन किए जाएं तो उनसे ज्यादा फायदा मिलता है। ठीक उसी तरह भुजंगासन करने के बाद भी कुछ दूसरे आसन किए जाएं तो इस आसन के और ज्यादा फायदे मिलते हैं। भुजंगासन के बाद योगाचार्य जिन आसनों को करने की सलाह देते हैं, उनमें बितिलासन, ऊर्ध्वमुख श्वानासन और सेतुबंधासन शामिल हैं।

**आसन के फायदे :** भुजंगासन करने से सर्दी से बचाव होता है। इसके अलावा यह आसन करने से रीढ़ की हड्डी लचीली और मजबूत बनती है। छाती, फेफड़ों, कंधों और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। तनाव और थकान दूर होती है। साइटिका की समस्या से छुटकारा मिलता है। अस्थमा के लक्षणों को भी नियमित तौर पर भुजंगासन करने से कम किया जा सकता है। साथ ही प्रजनन प्रणाली में भी इसे नियमित करने से फायदा मिलता है।

**सावधानी बरतें:** भुजंगासन हमेशा अनुभवी योगाचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए। जरा भी लापरवाही होने से रीढ़ की हड्डी में चोट लग सकती है, जिसका परिणाम घातक हो सकता है। पीठ में किसी तरह की चोट पहले से लगी हो तो भूलकर भी यह आसन ना करें। इसके अलावा सिरदर्द हो या गर्भावस्था में महिलाएं इस आसन को ना करें। *

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के आरोपित को किया गिरफ्तार

**नारनौल।** धोखाधड़ी से अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करवाकर पैसे वापस न करने के मामले में थाना अटेली पुलिस ने आरोपित कान्हड़वास कोसली निवासी लखेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय से रिमांड पर लिया है। सीएससी सेंटर संचालक ने पुलिस को शिकायत कर अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करवा कर वापस नहीं देने का आरोप लगाया था।

### जाम मुक्त हो शहर सांसद ने फिर लिखा पत्र

**महेंद्रगढ़।** लोकसभा निगरानी समिति के सदस्य संदीप मालड़ा की मांग पर सांसद धर्मबीर सिंह ने शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए शहर के बुचौली रोड को सीधा रेवाड़ी रोड से जोड़ने वाले छह करम के कच्चे रास्ते को पक्का करने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि पिछले दिनों ने उन्होंने सांसद को ज्ञापन के माध्यम से शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यह प्रस्ताव रखा था।

### भजन करो भरी जवानी में बुढ़ापा किसने देखा...



**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के साप्ताहिक निशुल्क सुंदरकांड पाठ का मंगलवार रात कोरियावास रोड पर बलदेव सैनी के निवास स्थान पर किया गया। आचार्य अश्वनी शर्मा ने हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। राजेश सोनी व प्रशांत सैनी की ओर से बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की।

### रेलवे स्टेशन एरिया में शराब बेचते महिला काबू

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन एरिया में अवैध शराब बेचने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। जीआरपी के अनुसार हरिनगर में रहने वाली मूल रूप से भिवाड़ी के फूलबाग निवासी मिसरो स्टेशन से नारनौल की ओर वाले एरिया में शराब बेच रही थी। सूचना मिलने के बाद उसे काबू करके उसके कब्जे से 50 पव्वे देसी शराब बरामद की।

### सांपली से बिजली ट्रांसफार्मर ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** सांपली गांव से चोर एक बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को प्रेषित पत्र में बताया गांव के 11 केवी फीडर पर लगा एक 10 केवीए क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। इससे ट्रांसफार्मर से जुड़े कनेक्शनों की बिजली बाधित हो गई। निगम को लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### बटनदार चाकू के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए स्टाफ ने शास्त्री नगर में जोहड़ के पास बटनदार चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि शास्त्री नगर निवासी शिव कुमार उर्फ नोनू आपराधिक किस्म का युवक है। वह हथियार के साथ जोहड़ के पास खड़ा है। सीआईए ने मौके पर जाकर उसे काबू कर लिया।

### ट्रांसफार्मर का तेल व क्वाइलें चोरी

**धारूहेड़ा।** तुर्कियावास में चोर एक बिजली ट्रांसफार्मर को जमीन पर गिराकर तेल व क्वाइलें चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बिजली निगम के एसडीओ ने बताया कि जेई पोपसिंह ने उसे जानकारी दी कि गांव में लगे 10 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर को चोरों ने जमीन पर गिरा दिया। चोर ट्रांसफार्मर का तेल व क्वाइलें चोरी कर ले गए।

---

## पांच दिवसीय जेआरसी प्रशिक्षण शिविर के तीसरा दिन

# किसी का जीवन बचा सकता हमारा एक छोटा सा प्रयास



**नारनौल।** प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते पवित्रा यादव व राजकुमार व्यास। फोटो : हरिभूमि

### वक्ताओं ने रक्तदान, जल व पर्यावरण संरक्षण पर रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान व उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति अध्यक्ष मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में सेंट जॉन रेडक्रॉस भवन में चल रहे पांच दिवसीय जेआरसी प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन बुधवार को रिसोर्सपर्सन ने विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। प्रवक्ता पवित्रा यादव व राजकुमार व्यास ने सीपीआर के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि लुक लिशन व फील के द्वारा पता लगाएं कि घायल की सांसे चल रही है या नहीं, अगर सांस नहीं चल रही तो सीपीआर दें। हमारा ये छोटा सा प्रयास किसी व्यक्ति के अमूल्य जीवन को बचा सकता है। डा. विष्णु चौहान ने बच्चों को टीबी रोग के लक्षण व उसके बचाव के बारे में जानकारी दी। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बच्चों को बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपना सवार्ेत्तम देना चाहिए। पब्लिक हेल्थ विभाग के एक्सईएन रमेश चंद्र गौड़ ने पीने के पानी के महत्व और जल के बारे में बताते हुए कहा कि हमें इसे व्यर्थ नहीं करना चाहिए, क्योंकि जल है तो कल है। साहित्यकार भूपसिंह भारती ने अपनी स्वरचित रचनाओं से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

कैम्प प्रभारी टेकचंद यादव ने सायं कालीन सत्र में लक्की स्टार कंपीटिशन करवाया। इसमें लड़कियों में आरोही स्कूल मंढाणा की दिव्या प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रीति द्वितीय व खुशी तृतीय रही। लड़कों के वर्ग में राजकीय स्कूल अटेली का हिमांशु प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर का छात्र हिमांशु द्वितीय व अटेली स्कूल का केशव तृतीय रहा। काउंसलर वर्ग में पीएम श्री स्कूल अटेली की मनीषा प्रथम, पटीकरा स्कूल की नीतू पूनिया द्वितीय व नारनौल स्कूल से अनुज शर्मा तृतीय रहा। इस मौके पर डा. एसपी सिंह, प्रवक्ता भूपसिंह भारती, मनीषा कुमारी, सुभाष सोनी, सरताज सिंह, अंजना, शारदा यादव, अगेंदर, सुभाष गुप्ता, विजयपाल, सत्यवीर सिंह, शोभा, ओमप्रकाश व रेखा सहित विभिन्न स्कूलों से जेआरसी काउंसलर्स मौजूद रहे।

---

# यदुवंशी में मनाया एकता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़




**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय यदुवंशी शिक्षा निकेतन में अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से मानव एकता को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि हमारा देश विभिन्न धमोंर्, संस्कृतियों एवं सम्प्रदायों से जुड़ा सर्वधर्म समभाव का पालन करने वाला देश है। इसकी एकता एवं अखंडता की सुरक्षा प्रत्येक भारतीय का फर्ज है। ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह मुख्यातिथि, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव विशिष्ट अतिथि तथा निदेशक विजय सिंह यादव ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। मानव एकता दिवस पर साक्षी, श्रेया, अंजलि, हिमांशी तथा देवेस ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि यह दिवस विविधता में एकता का महत्व बताते हुए लोगों में जागरूकता पैदा करता है। दुनिया के विभिन्न देश इस दिन अपनी जनता के बीच शांति, भाईचारा, प्यार, सौहार्द और एकता के संदेश का प्रसार करते है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव ने कहा कि यह दिवस विविधता में एकता दर्शाने के लिए तथा विभिन्न सरकारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुए समझौतों को याद दिलाने के लिए मनाया जाता है।

## श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार ने की गीता जयंती महोत्सव को लेकर बैठक



**नारनौल।** जिला स्तरीय गीता जयंती मनाने के लिए श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की बैठक रेवाड़ी रोड स्थित समिति कार्यालय पर हुई। जिसकी अध्यक्षता अशोक आहूजा ने की। इस अवसर पर समिति के प्रधान घनश्याम गर्ग ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार जिला प्रशासन के साथ मिलकर दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव आईटीआई मैदान में 22 व 23 दिसंबर को मनाया जाएगा। प्रधान ने बताया कि 22 दिसबंर को प्रातः 9:15 बजे आईटीआई मैदान में समिति की ओर से गीता मंत्र उच्चारण करके हवन में आहुतियां दी जाएगी व 11 बजे गीता स्थापना करके विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके अगले दिन 23 दिसंबर को मां चामुंडा देवी मंदिर में प्रातः 9:15 बजे गीता हवन व प्रातः 11 बजे परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज की ओर से गीता के मंत्रों का उच्चारण किया जाएगा। वहीं अशोक आहूजा, घनश्याम गर्ग, सोमदेव शर्मा के नेतृत्व में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा संयोजक गोपाल नंबरदार को बनाया गया।

### घरों में दीपक जलाने के लिए हुई बैठक

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों से संपर्क कर अपने-अपने घरों में दीपक जलाने व निमंत्रण देने के कार्यक्रम को लेकर शहर के वार्ड नंबर एक व 15 की विवेकानंद बस्ती की एक बैठक नेशनल स्कूल में कार्यक्रम के नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी की अध्यक्षता में हुई। तिवाड़ी ने बताया कि बैठक में एक टोली का भी गठन किया गया जो घर-घर जाकर अयोध्या से आए चावल, चित्र और पत्रक का वितरण करेगी तथा 22 जनवरी को दीपक जलाने का आह्वान करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए बनाई गई टोली में सुभाष झूकिया, रत्न माधोगढ़िया, डॉ. शोभा यादव, सरिता राठी पार्षद, उमाशंकर शर्मा, सूरज, रमेश को लिया गया है।

### दो ट्यूबवेल से चोरों ने मोटर व केबल चुराई

**कनीना।** कनीना-नारनौल मार्ग स्थित गांव दौंगड़ा अहीर में एक ट्यूबवेल से अज्ञात चोर मोटर व केबल चोरी कर ले गए। इस बारे में दौंगड़ा वासी अशोक कुमार ने दौंगड़ा अहीर पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि नहर के समीप दौंगड़ा जाट रक्बा में उसका ट्यूबवेल है। जिसकी कोठरी में दो एचपी की मोनोब्लॉक मोटर रखी हुई थी। सुबह छह बजे जब वह ट्यूबवेल पर गया तो वहां मोटर गायब थी। इसके साथ किसान मोनू वासी दौंगड़ा जाट के ट्यूबवेल से ऑटोमैटिक सिस्टम व करीब 70 फुट केबल गायब मिली। जिसकी उन्होंने अपने स्तर पर खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# जोनल प्रतियोगिता में डीएवी के खिलाड़ी छाए

- अलग अलग स्पर्धाओं में 120 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

डीएवी जोनल लेवल टूर्नामेंट का आयोजन 15 से 19 दिसंबर तक किया गया। इस प्रतियोगिता में क्लस्टर लेवल पर विजेता विभिन्न डीएवी विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें डीएवी स्कूल नारनौल ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपना परचम लहराया। विद्यालय से लगभग 120 बच्चों ने अलग-अलग खेलों में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्य के विरेन्द्र कुमार ने बताया कि 15 व 16 दिसंबर को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में आयोजित एथ्लाटिक प्रतियोगिता में स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने स्वर्ण, छह ने रजत व 10 कांस्य पदक प्राप्त किए थे। डीएवी फरीदाबाद में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में चार लड़के व तीन लड़कियों ने स्वर्ण, चार लड़कों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जिनमें से तीन का चयन डीएवी नेशनल के लिए किया गया। हैंडबॉल में डीएवी 49 सैनिक कॉलोनी फरीदाबाद में किया गया। जिसमें पांच बच्चों ने रजत पदक प्राप्त किया व इनका चयन डीएवी नेशनल के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि डीएवी जींद में आयोजित प्रतियोगिता में चार लड़के व पांच लड़कियों का डीएवी नेशनल के लिए चयन किया गया। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों ने स्वर्ण प्राप्त किया। डीएवी फतेहाबाद में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किया। जिनमें से बच्चों का डीएवी नेशनल के लिए चयन किया गया। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल हिसार में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भी टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय से कुल 72 बच्चों का नेशनल में चयन किया गया।

# एचपीएस की हर्षिता को तीरंदाजी में रजत पदक



**नारनौल।** छात्रा हर्षिता को सम्मानित करता स्कूल स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. नारनौल


- गुजरात में 16 से 19 दिसंबर तक 67वें राष्ट्रीय स्कूल गेम हुए, स्कूल पहुंचने पर विजेता छात्रा का किया गया स्वागत

स्पोर्ट्स अथॉरिटी गुजरात की ओर से 67वीं नेशनल स्कूल गेम चैंपियनशिप 16 से 19 दिसंबर तक नडियाद गुजरात में आयोजित की गई।

जिसमें नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा हर्षिता पुत्री विरेंद्र कुमार का सराहनीय प्रदर्शन रहा। विद्यालय के डीपीई मनोज पूनिया व कोच नीतू सोनी ने बताया कि छात्रा हर्षिता ने राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ग में राज्य का प्रतिनिधित्व किया व सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों ने अपनी खुशी जाहिर की व एचपीएस का वातावरण हर्ष और उल्लास से भर गया। छात्रा हर्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व एचपीएस गुरुजनों को दिया। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने छात्रा हर्षिता को बधाई दी। बताया कि सर्वप्रथम छात्रा हर्षिता ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त किया था, जो की जींद में सितंबर माह में आयोजित की गई थी। छात्रा ने राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर राज्य का मान बढ़ाया है। विद्यालय पहुंचने पर प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव ने छात्रा हर्षिता को बधाई दी व मेडल पहनाकर स्वागत किया। संस्था संस्थापक सुभाष चंद्र वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा ने छात्रा हर्षिता को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जन्मदिन पर पूर्व शिक्षामंत्री के पुत्र ने गोशाला को भेंट की एंबुलेंस और 51 हजार रुपये




**सतनाली मंडी।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के पुत्र गौत्तम रामबिलास शर्मा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर श्रीश्याम गौसेवा धाम सतनाली को एंबुलेंस गाड़ी व 51000 रुपये भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया और गौशाला में ही केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि गौसेवा का हिंदू धर्म में बहुत महत्व माना गया है। गायों की सेवा करने से सुख-शांति का आगमन होता है और अमंगल दूर होता है। उन्होंने बताया कि आज उनके पुत्र गौत्तम शर्मा का जन्मदिवस है और वे गौसेवा कर जन्मदिन मनाते हैं। इस अवसर पर गौत्तम शर्मा ने गायों को गुड़ खिलाया और गौशाला को 51000 रुपये व एंबुलेंस भेंट कर गौशाला में ही केक काटकर जन्मदिन मनाया।

# किड्जी में दिया मानवता का संदेश

- अंतरराष्ट्रीय मानव दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेद्रगढ़।** कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

स्थानीय सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस पर परस्पर हाथों से हाथ मिलाकर श्रृंखला बनाते हुए एकता का संदेश दिया। यह एकता आज के भौतिकवादी युग में मानव उत्थान के सहयोग में कारगर सिद्ध होगी। विद्यालय की प्राचार्या विनय यादव ने बताया कि इस दिवस पर विद्यार्थियों ने अपने विचार,भाषण, कविता तथा गीतों के माध्यम से मुखरित किए। उन्होंने बताया कि एकता के माध्यम से ही देश सशक्त बन सकता है।

मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने विद्यार्थियों के एकता के संदेश को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस का उद्देश्य लोगों को विविधता में एकता की अहमियत बताते हुए जागरूकता उत्पन्न करना है। विश्व के विभिन्न देश इस दिन लोगों के बीच शांति, भाईचारा, प्यार, सौहार्द और एकता के संदेश का प्रसार करते हैं । विद्यालय के चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि इस दिन मानवाधिकार, सामाजिक एवं आर्थिक विकास तथा शांति को बढ़ावा देने के लिए दुनिया के देशों और लोगों को एक साथ लाने का प्रयास किया जाता है। एकता दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्व में सौहार्द एवं शांति को बढ़ावा देना है।

### मंडलाना में निःशुल्क पशु स्वास्थ्य जांच शिविर

**नारनौल।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान के कुलपति प्रो. डा. विनोद कुमार वर्मा के निर्देशानुसार गांव मंडलाना के पशु चिकित्सालय में बुधवार को निःशुल्क पशु चिकित्सा एवं बांझपन जांच शिविर व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन डा. संदीप गुप्ता क्षेत्रीय निदेशक हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़ की अध्यक्षता में डा. ज्योति व डा. देवेन्द्र की ओर से किया गया। डा. मधुसुदन गुरे ने कैंप के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग दिया। वैज्ञानिक डा. ज्योति शुंठवाल व डा. देवेन्द्र सिंह ने सेवा सदन समिति महेंद्रगढ़ के सहयोग से किय। 120 से अधिक पशुपालकों ने 67 से अधिक पशुओं की जांच करवाई। कैंप में लुवास हिसार की वैज्ञानिकों की टीम व ग्राम मंडलाना के पशु चिकित्सक डा. मधुसुदन गुरे ने मेडिसिन व प्रजनन संबंधी समस्यों का पशुओं में का इलाज किया।

**सूचना**

मैं, सोमवीर पुत्र श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री किशनलाल निवासी बास उप तहसील सतनाली जिला महेन्द्रगढ़ (हरि.) बयान करता हूं कि मेरी पत्नी श्रीमति निकीता मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं और इससे मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby declared and notified that Sanjay Kumar s/o Sh. Mahavir Prasad Bansal and Mohram w/o Sanjay Kumar r/o CIA Road, Mohalla Kharkhadi Ward no. 15, Narnaul are now retired from the partnership firm namely M/s Radhey Radhey Minerals, Village Bayal, Tehsil Nangal Choudhary, Narnaul, District Mahendergarh vide Retirement-cum-Admission Deed dated 17.08.2019 which was duly executed between partners of M/s Radhey Radhey Minerals, Village Bayal Tehsil Nangal Choudhary, District Mahendergarh, in the presence of witnesses and The same is duly attested by Notary Public, Narnaul. Therefore, from 17.08.2019, the retiring partners Sanjay and Mohram have no concern at all qua the aforesaid firm in any manner whatsoever. Now they are free from all the liabilities against the existing partners namely Meena Agarwal, Richa Aggarwal and Vipul Sanghi, third parties, creditors and government dues, bills etc. belonging to the partnership Firm M/s Radhey Radhey Minerals. Thereafter, all the asset (movable and immovables) and liabilities belong to continue and new partner.

Sanjay Kumar & Mohram

## कन्या स्कूल में खंड स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता

# कला उत्सव में ज्योति व लोक नृत्य में रितु प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी व स्कूल स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

राज्य शैक्षणिक एव अनुसंधान परिषद गुरुग्राम के मार्गदर्शन में खंड संसाधन समन्वयक नांगल चौधरी की ओर से 19 दिसंबर को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी में खंड स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नांगल चौधरी खंड से विद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा के विद्यार्थियों ने डा. कुसुमलता, प्रवक्ता संगीत व सीमा कुमारी की देखरेख में विभिन्न कलाओं जैस संगीत, शास्त्रीय संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, संगीत, नृत्य, दृश्य कला, खिलौने, खेल व नाटक एकल अभिनय आदि कलाओं में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में आरोही मॉडल स्कूल के विद्यार्थी ज्योति पुत्री विक्रम सिंह व करण वर्मा पुत्र विक्रम सिंह ने मिट्टी की कलाकृतियां बनाने में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में छात्र आकाश पुत्र दयाराम व शिखा पुत्री पवन कुमार प्रथम रहे। स्थानीय खिलौने व खेल कला में छात्रा तमन्ना पुत्री महेश कुमार प्रथम, विकास यादव पुत्र हरेन्द्र द्वितीय स्थान पर रहा। इसके अतिरिक्त एकल लोकनृत्य कला में छात्रा रितु पुत्री नेतराम प्रथम रही। एकल अभिनय कला में छात्रा कीर्ति पुत्री कृष्ण शर्मा व छात्र विधान पुत्र सतीश कुमार प्रथम रहा। शास्त्रीय नृत्य कला में छात्रा हिमांशी पुत्री रामभरोस प्रथम, एकल रागनी गायन कला में छात्र मनसुख पुत्र सत्यदेव प्रथम, एकल हारमोनियम कला में छात्र देवांशु पुत्र सत्यनारायण व छात्रा नचिता पुत्री शशीकांत शर्मा प्रथम, एकल गायन कला में छात्रा भावना पुत्री पवन कुमार द्वितीय स्थान पर रही। छात्र जितेन्द्र पुत्र रमेशचन्द रागनी गायन कला में प्रथम रहा। शास्त्रीय गायन कला में छात्रा ओजस्वी पुत्री जयसिंह प्रथम स्थान पर रही। प्राचार्य लीलूराम यादव ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

### वीसी ने किया डॉ. अमित की पुस्तक का विमोचन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार की पुस्तक का विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। 'लीगल एस्पेक्ट ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी' नामक इस पुस्तक के संबंध में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही यह पुस्तक इस क्षेत्र में कार्यरत युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी।



महेंद्रगढ़। एआईयू की बैठक में भाग लेते हकेवि के प्रतिनिधि। फोटो: हरिभूमि

### हकेवि प्रतिनिधि ने एआईयू की बैठक में लिया हिस्सा

**महेंद्रगढ़।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित बैठक में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भाग लिया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह बैठक भारतीय विद्यार्थियों के अमेरिका के विश्वविद्यालय मे एक साल की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिला लेने एवं नए अनुभव प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन हेतु आयोजित की गई।



महेंद्रगढ़। स्कूल में जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म वस्त्र

**महेंद्रगढ़।** गांव दुलोठ अहीर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधवार को जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कैप्टन गजराज सिंह, दयाराम व अशोक कुमार व जोगेन्द्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैप्टन गजराज यादव ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुलोठ के 75 बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए। इसके अलावा अशोक कुमार व दयाराम ने भी बच्चों के बैठने के लिए चार दरियां दान की।

### एडीए के पद पर चयन होने की दी बधाई

**महेंद्रगढ़।** गांव खातोद निवासी नवीन कुमार का हरियाणा पब्लिक कमीशन द्वारा आयोजित परीक्षा में असिस्टेंट डिस्ट्रक्टि अटॉर्नी (एडीए) के पद पर चयन हुआ हैं। पिता निहाल सिंह ने बताया कि नवीन कुमार ने नेशनल मॉडल स्कूल से बाहरवीं तक की पढ़ाई की है।

### नई गवर्निंग बॉडी गठन के लिए चुनाव 21 जनवरी को

**नारनौल।** एससी कर्मचारी संघ के महासचिव जयसिंह नारनौलिया ने बताया कि संघ कि 26 नवंबर को हुई बैठक अनुसार 21 जनवरी को नई गवर्निंग बॉडी के गठन के लिए चुनाव करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अगले महीने होने वाली चुनाव प्रक्रिया में संघ में रजिस्टर्ड वहीं व्यक्ति मत डालने का अधिकारी होगा।

### दसवें विराट श्रीश्याम महायज्ञ का भव्य आगाज

**नारनौल।** श्रीश्याम महायज्ञ समिति के श्रीश्याम महायज्ञ का बुधवार को शुभारंभ किया। प्रथम दिन हवन के प्रधान यजमान राजकुमार गर्ग व ललिता गर्ग ने आहुति डाली। इस मौके पर नीरज बंसल व बबिता बंसल, वीरसैन शर्मा व पवित्रा देवी, पुरुषोत्तममल शर्मा व कांता शर्मा, सुशील शर्मा व सरोज शर्मा मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सवः गीता ज्ञान के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का मौका

- दो दिन विकसित भारत जन संवाद कार्यक्रम की तर्ज पर विभाग देंगे अपनी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आईटीआई में 22 व 23 दिसंबर तक मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में नागरिकों को गीता के ज्ञान के साथ-साथ सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ लेने का भी मौका मिलेगा। दोनों ही दिन विकसित भारत जन संवाद कार्यक्रम की तर्ज पर यहां विभाग अपनी सेवाएं देंगे। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान आम नागरिकों को एक तरफ जहां प्रदर्शनी में कला एवं संस्कृति की झलक दिखेगी, वहीं दूसरी तरफ विभिन्न विभाग नागरिकों को सेवाओं और योजनाओं के लिए पंजीकृत करेंगे। इसके अलावा विभिन्न स्वयं सहायता समूह भी अपनी स्टॉल लगाएंगे। वहीं श्रीकृष्ण सेवा समिति व अन्य सामाजिक संगठन भी अपनी स्टॉल लगाएंगे।

**परिवार पहचान पत्र में त्रुटि ठीक करने का मिलेगा मौका:** गीता महोत्सव के दौरान नागरिक संसाधन सूचना विभाग की तरफ से परिवार पहचान पत्र में त्रुटि ठीक करने के लिए भी एक स्टॉल लगाया जाएगा। कोई भी नागरिक अपने परिवार पहचान पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि को ठीक करवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करवा सकेगा। इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

### आयुष विभाग के अधिकारी देंगे औषधीय पौधों की जानकारी

गीता महोत्सव के दौरान आयुष विभाग भी अपनी स्टॉल लगाएगा। इस दौरान विभाग की तरफ से विभिन्न औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। किस पौधे का उपयोग किस बीमारी के उपचार के लिए किया जा सकता है, इसके बारे में वहां पर मौजूद आयुष विभाग के अधिकारी नागरिकों को बारीकी से जानकारी देंगे। इसके अलावा यहां पर स्वास्थ्य जांच के बाद मुफ्त में आयुर्वेद की दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

### स्वास्थ्य विभाग मौके पर ही बनाएगा आयुष्मान कार्ड

उपायुक्त ने बताया कि गीता महोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपने स्टॉल में नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं देंगे। वहीं इसी स्टॉल पर विभाग की ओर से मौके पर ही पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड जारी किए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए नागरिकों को अपना आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र साथ लेकर आना होगा।

### डीआईटीएस लगाएगा आधार बनाने का स्टॉल

गीता महोत्सव के दौरान डीआईटीएस की ओर से आधार कार्ड बनाने के लिए भी एक स्टॉल लगाया जाएगा। इसमें कोई भी नागरिक अपने आधार कार्ड में किसी प्रकार की त्रुटि को ठीक करवाने के लिए आवेदन कर सकता है।

### नेकी की दीवार पर गरीबों को मिलेंगे कपड़े

गीता महोत्सव के दौरान इस बार प्रदर्शनी में गरीब लोगों को नेकी की दीवार से अपनी पसंद के कपड़े मुफ्त में लेने का मौका मिलेगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी आह्वान किया है कि वे नेकी की दीवार पर अपने पुराने कपड़े दान करें, ताकि गरीब लोगों को सर्दी में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### जिला रेडक्रॉस समिति करेगी दिव्यांग का पंजीकरण

गीता महोत्सव के दौरान जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से लगाए गए स्टॉल पर बैटरी चलित तिपहिया साइकिल व सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए दिव्यांग जनों का पंजीकरण करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ मौके पर ही यूआईडी कार्ड बनाने के लिए भी सहायता की जाएगी। इसके बाद निकट भविष्य में इन दिव्यांगजनों को बैटरी चलित साइकिल व सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

### रोटरी रसोई पर मिलेगा सस्ता भोजन

गीता महोत्सव के दौरान रोटरी क्लब की ओर से एक रसोई स्थापित की जाएगी। इस पर कोई भी नागरिक 10 रुपये में खाना खा सकेगा। संस्था के पदाधिकारी की ओर से इस संबंध में सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामल हुए मंत्री और विधायक

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ : सीताराम यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल







नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते अटेली विधायक सीताराम यादव तथा उज्ज्वला योजना के तहत पात्र नागरिकों को एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित करते विधायक सीताराम यादव। फोटो: हरिभूमि

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बुधवार को खंड के गांव कुतबापुर व बड़कोदा, नांगल चौधरी खंड के गांव नांगल कालिया व धौलेड़ा, कनीना खंड के गांव भालखी व बेवल तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव जासावास व देवनगर में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव बेवल में अटेली विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं गांव नांगल कालिया व धौलेड़ा में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, कुतबापुर में प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी भिवानी मनीष मित्तल, बड़कोदा में सह-संयोजक प्रदीप गौड़, भालखी में पशुपालन विभाग से उपनिदेशक डा. नसीब सिंह, गांव जासावास व देवनगर में समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक सीताराम यादव ने कहा कि विकसित भारत यात्रा के तहत अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का सपना साकार करने के लिए हम सब कंधे से कंधा मिलाकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आमजन को जन कल्याणकारी नीति बनाकर लाभ दिया है। ग्राम दर्शन पोर्टल से गांव का विकास हो रहा है। अंतोदय मेले से गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विकसित जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत गरीब से गरीब अंतिम आदमी तक लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 21 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव हाजीपुर व निवाजनगर, नांगल चौधरी खंड के गांव मघोत बिंजा व मेघोत हाला, कनीना खंड के गांव झिंगावन व सुंदरह तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव बेरी व भांडोर निची गांव में जाएगी।



महेंद्रगढ़। गोद भराई रस्म करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विकसित भारत संकल्प यात्रा जासावास व देवनगर पहुंची

- योगा में स्टेट लेवल पर मेडल लाने वाले खिलाड़ी को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को खंड के गांव जासावास व देवनगर पहुंची। इस दौरान विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों को अपनी सेवा दी। गांव जासावास व देवनगर में मुख्यातिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा मौजूद थे। गांव देवनगर में गांव सरपंच कृष्ण कुमार ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यातिथि ने विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का जायजा लिया व उन्होंने कहा कि जो नागरिक सरकारी योजनाओं से वंचित रह गए थे वे नागरिक इस यात्रा में उन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। गांव जासावास में गांव के सरपंच कमल किशोर ने मुख्यातिथि की अध्यक्षता में गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बलबीर सिंह व सबसे बुजुर्ग महिला बसंती देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गांव देवनगर में मुख्यातिथि ने शहीद सुखीराम व राजाराम के परिजनों को सम्मानित किया व गांव के सबसे बुजुर्ग पुरूष नंदलाल को लोई व गांव की सबसे बुजुर्ग महिला बसंती देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। देवनगर का योगा में स्टेट लेवल पर मेडल लाने वाले पुल्कित को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जासावास में गांव के सरपंच ने स्कूल टॉपर शिवांगी, रचित, गौरव, प्रियांशी, जयंत, हर्षित कुमार, शिवानी, अभिषेक को सम्मानित किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव जासावस में 20 नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया। 209 नागरीको की टीबी, बीपी की जांच की। देवनगर में स्वास्थ्य विभाग ने 20 नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया।



कनीना। महेंद्रगढ़-कनीना-कोसली स्टेट हाईवे पर नहरी पुलिया रिसाव के कारण टूटी सड़क पर खराब हुआ डंपर। फोटो: हरिभूमि

# डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज से टूटी सड़क, हादसों का डर

- दो विभागों के बीच फंसा पेच नहर विभाग के अधिकारी नहीं करवा रहे पुलिया की रिपेयर तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जानबूझकर नहीं कर रहे सडक को दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे नंबर 24 पर उन्हाणी गांव के समीप से गुजर रही करीब 25 किलोमीटर लंबी रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी को नहर विभाग के अधिकारियों ने करोड़ों रुपये की लागत से भले ही आरसीसी पक्का कर दिया है, लेकिन उन्हाणी के समीप रिसावग्रस्त पुलिया की रिपेयर तक नहीं की गई है। जिससे आए दिन सड़क हादसे घटित हो रहे हैं।

टूटी सड़क पर महेंद्रगढ़ से कनीना की ओर बिल्डिंग मैटीरियल लेकर जा रहा एक डंपर खराब हो गया, जिससे बड़ा हादसा होते बाल-बाल बच गया। पिछले दो दिन से इसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे सड़क जाम के हालात उत्पन्न हो रहे हैं। यहां पर लगता है दो सरकारी विभागों के बीच पेंच फंस गया है। नहर विभाग के अधिकारी आंख मूंदकर बैठे है, तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जानबूझकर खराब सड़क को दुरूस्त नहीं करवा रहे हैं। जिसके चलते टूटी सड़क के कारण आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। हाल ही में इस बारे विजय कुमार की ओर से मुख्यमंत्री को शिकायत की गई थी। जिस पर नहर विभाग के अधिकारियों ने पुलिया निर्माण का एस्टीमेट भेजने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

विभाग की ओर से 14911462 रुपये का एस्टीमेट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा है। जबकि इससे पूर्व इन अधिकारियों की ओर से रजबाहे को आरसीसी करने के बाद उसी एस्टीमेट बजट में रिसावग्रस्त साइफन को दुरूस्त किए जाने का आश्वासन दिया जाता रहा था, लेकिन उन्हाणी के समीप पिछले लंबे समय से रिसावग्रस्त पुलिया का कोई समाधान नहीं किया जा सका है। जिससे सड़क में गड्ढे बन रहे है, जो सड़क हादसों को बढ़ावा दे रहे हैं। यहां पर छोटे-बडे. दर्जनों हादसे घटित हो चुके हैं। नहर में जब-जब पानी चलता है तब लीकेज का पानी वाहनों के आवागमन से दूर तक फैल जाता है। नहर विभाग के अधिकारी अनजान बने बैठे है, तो लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी जिम्मेवारी से बच रहे हैं। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

# दो दिन में पीएसी व डीएसी एंट्री की करें जांच

- उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता ने ली निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती उपायुक्त मोनिका गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता ने बुधवार को लघु सचिवालय में सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीएसी व डीएसी एंट्री की दो दिन के अंदर-अंदर जांच करके काम को समाप्त करें। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को पूरी तरह से त्रुटि रहित बनाने के लिए हरियाणा चुनाव आयोग की तरफ से लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने बीएलओ की बैठक लेकर जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करके दो दिन के बाद यह कार्य खत्म करके रिपोर्ट भेजी जानी है। उन्होंने बताया इस काम के लिए घर-घर जाकर सर्वे किया जा चुका है। अब दो दिन में इसकी वेरिफिकेशन करके रिपोर्ट भिजवाई जाए। इस बैठक में एसडीएम महेंद्रगढ़ हर्षित कुमार, एसडीएम मनोज कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा, नायब तहसीलदार चुनाव विनोद तंवर के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### नर्सिंग ऑफिसर ने काले बैज लगाकर जताया रोष

**नारनौल।** जिले की नर्सिंग ऑफिसर अपनी मांगों को लेकर रोष जता रहे है। जिसके तहत बुधवार को नर्सिंग ऑफिसर ने काले बैज लगाकर अपना विरोध जताया। इस अवसर पर यूनियन जिला महासचिव कृष्णा कुमार ने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर जिले के सभी नर्सिंग ऑफिसर काले बैज लगाकर 15 से शांतिपूर्वक आंदोलन कर अपनी आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग ऑफिसर कई वर्ष से मांग कर रहे है कि केंद्र सरकार की तरज पर नर्सिंग अलाउंस 7200 रुपये दिया जाए व उन्हें ग्रुप सी से ग्रुप बी में शामिल किया जाए, लेकिन सरकार इन दोनों मांगों पर आश्वासन देर रही है।

# हकेंवि प्रतिनिधि एआईयू बैठक में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़





महेंद्रगढ़। एआईयू की बैठक में प्रतिभागिता करते डॉ. खेराज। फोटो: हरिभूमि

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित बैठक में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भाग लिया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह बैठक भारतीय विद्यार्थियों के अमेरिका के विश्वविद्यालय मे एक साल की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिला लेने एवं नए अनुभव प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन हेतु आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यालय बोर्ड के सदस्य डॉ. खेराज ने प्रतिभागिता की। हकेंवि के अन्तर्राष्ट्रीय मामलो के अधिष्ठाता प्रो. दिनेश चहल ने बताया की विश्वविद्यालय लगातार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए प्रयासरत है। कुलपति के नेतृत्व में इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। डॉ. खेराज ने एआईयू नईदिल्ली में आयोजित बैठक के संदर्भ में बताया कि इस बैठक को संघ के अध्यक्ष डॉ. जीडी शर्मा एवं संघ के महासचिव डॉ. पंकज मित्तल ने संबोधित किया। विवि के प्रो. ए. लखटकिया, स्कूल एवं इंजीनियरिंग साइंस एवं मैकेनिक्स पेनेसल्वेनिया स्टेट विवि यूएसए के प्रो. चार्ल्स गोडफे वाइनडर उपस्थित रहे। डॉ. खेराज, प्रो. ए लखटकिया ने भारतीय विवि को विश्व के विवि के साथ मिलकर नए आयामों पर कार्य करने पर जोर दिया।

## आठ लाख की आई लागत, हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

# कनीना के अस्पताल में होंगे डिजिटल एक्स-रे

- महेंद्रगढ़ से आए रेडियोलॉजिस्ट ने अपनी देखरेख में कार्य करवाया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना



कनीना। उप नागरिक अस्पताल में नई एक्स रे मशीन की जांच करते डा. जितेंद्र मोरवाल व रेडियोलॉजी अधिकारी नरेंद्र कुमार।

उप नागरिक अस्पताल में क्षेत्र के लोगों की बार-बार मांग को देखते हुए डिजिटल एक्स-रे मशीन स्थापित की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए डा. जितेंद्र मोरवाल व सिविल अस्पताल महेंद्रगढ़ के रेडियोलोजी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि इप्सिलोन कंपनी की 300 एमए हाई फ्रिकवेंसी की डिजिटल एक्स-रे मशीन स्थापित की गई है। रेडियोलोजी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि नई डिजिटल मशीन से सभी प्रकार के एक्स-रे किए जा सकते हैं। यह मशीन पूरी तरह डिजिटल व कंप्यूटराइज है। मशीन के साथ सीआर सिस्टम का होना जरूरी है, वह सिस्टम अभी तक आना बाकी है। जिसके कारण एक्स-रे डिटेल रिपोर्ट अब भी संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि सीआर सिस्टम मशीन के साथ लगने के बाद ही डिजिटल एक्स-रे रिपोर्ट दी जा सकेगी, तब तक मैनुअल रूप से काम किया जा सकेगा। मशीन को स्थापित करके कार्य करना आरंभ कर दिया गया है, लेकिन कंप्लीट काम तभी होगा, जब सीआर सिस्टम लगेगा। जिसके लिए उच्च अधिकारियों को डिमांड भेजी जाएगी। सीआर सिस्टम की कीमत लगभग 15 लाख रुपये है, यह लगने के बाद ही डिजिटल एक्स-रे रिपोर्ट दी जा सकेगी। इसके अलावा यहां पर रेडियोलॉजी अधिकारी का पद रिक्त है।

### रेडियोलॉजिस्ट का पद भरने की मांग

लोगों ने मांग की है कि मशीन के साथ अब यहां पर रेडियोलॉजी अधिकारी के पद को भी भरा जाए। जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस बारे में डा. जितेंद्र मोरवाल ने बताया कि रेडियोलॉजी अधिकारी के रिक्त पदों को भरने व मशीन के लिए सीआर सिस्टम की डिमांड के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर उक्त कायार्ें को शीघ्र रूप से करवाए जाने की मांग की जाएगी। मशीन के स्थापित होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को आधुनिक सुविधा का लाभ होगा और उनको इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा। मोर्चरी रूम भी तैयार किया जा रहा है। इसके बाद यहां पर पोस्टमार्टम सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### नर्सिंग स्टाफ सदस्यों ने काले बिल्ले लगाकर किया काम

**महेंद्रगढ़।** नर्सिंग स्टाफ सदस्यों ने बुधवार को अंतिम दिन काले बिल्ले लगाकर काम कर अपना रोष जताया है। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ सदस्यों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांग पूरी नहीं करते है तो उनका शांति पूर्वक प्रदर्शन जारी रहेंगा। जिला प्रधान सुशीला कौशिक ने बताया कि उनकी मांग है कि केंद्र के समान 7200 रुपये नर्सिंग भत्ता देने व नर्सिंग अधिकारी के पद को ग्रुप-बी में शामिल करने के लिए संगठन प्रयासरत है। इसके विरोध में प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों के सभी नर्सिंग संगठनों ने 11 दिसंबर को रोहतक में एक मंच पर सामूहिक बैठक आयोजित कर अपनी लंबित समस्याओं के समाधान के लिए विचार-विमर्श कर शांति पूर्वक प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005